announcement of Drug Policy 1986, the findings of which have been ordered for review and scrutiny;

(b) what are the details of such Committees whose findings have been reviewed and action taken;

(c) whether his Ministry have found any irregularities;

(d) if so, what are the details thereof; and

(e) what are the names of the Committees whose reports and findings are still under review and scrutiny and by when a final decision will be taken thereon?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA): (a) to (e) To the extent available, the information is given in the statement. (*See* Appendix CLVIL, Annexure No. 5.)

"स्वागत" पत्रिका विदेशी फर्म द्वारा मुद्रित

153. **श्री अजीत जोगी** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइन्स की पत्रिका "स्वागत" का मुद्रण और प्रकाशन एक विदेशी फर्म द्वारा किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो इस पत्रिका के प्रकाशन के लिए कितनी धनराशि का भुगतान किया जाता है ;

(ग) इस संबंध में विदेशी फर्म के साथ हुए समझौते के निर्बन्धन और शर्तें क्या हैं ;

(घ) इस पत्रिका का मुद्रण और प्रकाशन विदेश में कराने के लिए अब तक कितनी विदेशी मुद्रा व्यय की गयी है ; और

(ङ) क्या सरकार इस पत्रिका का प्रकाशन अपने देश में ही कराने का विचार रखती है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरमोहन धवन) : (क) जी, हां। इंडियन एयरलाइंस की उड़ानगत पत्रिका "स्वागत" हांगकांग में निगमित मैसर्स मीडिया ट्रांसएशिया लिमिटेड द्वारा मुद्रित और प्रकाशित की जाती है जिसका मालिक एक अनिवासी भारतीय है ।

(ख) इंडियन एयरलाइंस द्वारा इस प्रकाशन के लिए कोई राशि नहीं दी जाती है।

(ग) करार के अंतर्गत, उक्त प्रकाशक द्वारा प्रति माह उड़ानगत पत्रिका की 60,000 प्रतियां यात्रियों की सुविधा के लिए इंडियन एयरलाइंस को उसकी उड़ानों के दौरान रखने के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं । यह प्रकाशक, प्रकाशन की लागत "स्वागत" में दिए गए विज्ञापनों से अर्जित राजस्व से पूरी करता है ।

(घ) इसमें विदेशी मुद्रा का कोई व्यय नहीं है ।

(ङ) अभी तक कोई भारतीय पार्टी ऐसी आकर्षक शर्तें और गुणवत्ता प्रस्तुत नहीं कर सकी है जो मैसर्स मीडिया ट्रांसएशिया लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत की गई हैं। इसके अलावा, उक्त प्रकाशक के साथ करार मई, 1993 में समाप्त होगा।

कच्चे तेल और गैस की खोज के लिए रिग्स और ड्रिलिंग मशीनों का किराए पर लिया जाना

154. **श्री अजीत जोगी** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की खोज करने के लिए सरकार ने इस समय कितनी रिग्स और ड्रिलिंग मशीनें किराए पर ली हुई हैं ;